# लखनऊ में AI लैब शुरू करेगी IBM, यीडा में लगेगी सेमीकंडक्टर यूनिट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश जनवरी में बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। जनवरी में एक तरफ जहां लखनऊ में आईबीएम की अत्याधुनिक 'स्टेट ऑफ द आर्ट सॉफ्टवेयर लैब' स्थापित होने जा रही है, वहीं, दूसरी ओर सेमीकंडक्टर सेक्टर में एचसीएल-फॉक्सकॉन मिलकर यमुना एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी में पहले सेमीकंडक्टर पार्क का शिलान्यास होगा। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने इन दोनों परियोजनाओं को जल्द शुरू करने की तैयारी तेज कर दी है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने लखनऊ के एआई सिटी के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। आईबीएम का कैंपस उसी दिशा में एक कदम होगा।

यूपी डेस्को के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक लखनऊ में आईबीएम की स्टेट ऑफ आर्ट सॉफ्टवेयर लैब का काम पूरा हो गया है। इस महीने के अंत तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आईबीएम के कैंपस का उद्घाटन करेंगे। आईबीएम के इस कैंपस में एआई इनोवेशन के साथ ही स्किल डिवेलपमेंट का काम भी इस कैंपस में होगा। यह कैंपस शहीद पथ स्थित सुशांत गोल्फ सिटी में होगा। यूपी डेस्को के अधिकारियों के मुताबिक इस कैंपस के जरिए 100 से अधिक युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। इस कैंपस में नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ एआई के विभिन्न क्षेत्रों में भी कार्य करेगी।

■ आईबीएम की स्टेट ऑफ आर्ट सॉफ्टवेयर लैब का इसी महीने होगा उद्घाटन

■ आईबीएम कैंपस में सॉफ्टवेयर डिवेलपमेंट के साथ एआई पर होगा काम

## यमुना एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी में बनेगा सेमीकंडक्टर पार्क

लखनऊ में आईबीएम के स्टेट ऑफ आर्ट सॉफ्टवेयर लैब की स्थापना के साथ ही यमुना एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी में एचसीएल-फॉक्सकॉन मिलकर सेमीकंडक्टर यूनिट जल्द शुरु करने की तैयारी कर रहे हैं। इस महीने के अंत इस प्लांट का शिलान्यास हो सकता है, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरु हो जाएगा। कंपनी की योजना अगले कुछ साल के भीतर इस प्लांट से उत्पादन शुरु करना है। कंपनी इस प्लांट में 3700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। इस लागत से सेमीकंडक्टर असेम्बलिंग और टेस्टिंग प्लांट लगाएगी। कंपनी इस यूनिट में हर माह 20,000 वेफर तैयार करेगी। इस यूनिट से 4,000 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।